दिनांक: 31.07.2725 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री दिल्ली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी से भेंट कर भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को विरासत से विकास की राह और सुशासन के 18 महीने पुस्तिका भेंट की है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए भारत सरकार के मंत्री अलग-अलग प्रकार से प्रोत्साहन देते हैं। इसी संदर्भ में वह आज दिल्ली में विभिन्न मंत्रियों से मुलाकात कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री दिल्ली- समिट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दिल्ली स्थित भारत मंडपम बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट-2025 में शामिल होंगे। यह टेक्सटाइल और अपैरल उद्योगों का महत्वपूर्ण दो दिवसीय वैश्विक आयोजन है। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित इस समिट में वैश्विक उद्योग जगत के निवेशक शामिल होंगे। डॉ. यादव भारत मंडप में स्थापित मध्य प्रदेश पवेलियन का भ्रमण करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान वैश्विक टेक्सटाइल ब्रांड्स के प्रमुखों

के साथ राउंडटेबल चर्चा में भाग लेंगे, जिसमें उद्योगों को मध्य प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

मालेगांव विस्फोट

मुंबई की राष्ट्रीय जाँच एजेंसी की एक विशेष अदालत ने आज 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया। 29 सितंबर 2008 को नासिक के मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटर साइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए थे। मालेगांव विस्फोट मामला महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते के पास पहला मामला था। वर्ष 2011 में राष्ट्रीय जाँच एजेंसी ने इस मामले को अपने हाथ में ले लिया।

संसद-स्थगित

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। पहले स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर चर्चा की मांग को लेकर फिर नारेबाजी शुरू कर दी।

मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर थम गया, लेकिन कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। कल गुना, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना समेत कई जिलों

में सैकड़ों लोगों को रेस्क्यू किया। नर्मदा समेत अन्य नदियां उफान पर रही। इससे रास्ते भी बंद हो गए। मौसम विभाग ने आज 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इस बीच श्योपुर में सीप नदी उफान पर रही। यहां मानपुर में सरकारी अस्पताल में पानी भर जाने के कारण 12 मरीज फंस गए। एसडीईआरएफ की टीम ने सभी को निकालकर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया। वहीं, गुना में कलोरा बांध की वेस्ट बीयर 15 फीट तक टूट गई थी। इससे आसपास के गांवों में एहतियात के तौर पर एनडीआरएफ और सेना को बुलाया गया है। प्रदेश में अब तक औसत 27.7 इंच बारिश हो चुकी है। तीन दिनों से लगातार तेज बारिश होने के चलते बरगी, बारना और तवा डेम से पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे नर्मदापुरम जिले में नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। शिवपुरी जिले में मूसलाधार बारिश के बाद सिंध नदी में आए उफान के कारण कोलारस, बदरवास, रन्नौद आदि क्षेत्रों के ग्रामों में भारी नुकसान हुआ है। यहां पर कल 300 से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया गया।

समाचार संक्षेप में .....

- पन्ना जिले की उपजेल पवई में कल एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया जिसमें वन विभाग और जेल विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।
- आज तुलसी जयंती के अवसर पर प्रदेश में कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं। भोपाल के मानस भवन में जारी तुलसी जयंती समारोह का समापन कल होगा।
- जबलपुर हाईकोर्ट में 5 नवनियुक्त न्यायाधीशों और 1 अतिरिक्त न्यायाधीश को चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने शपथ दिलाई।
- बैतूल जिले के वीर सावरकर तरणताल मे कल स्कूली छात्र–छात्राओं की जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

और

- आगरमालवा जिले के जिले के शासकीय अस्पतालों के लिये निःशुल्क शव वाहन सेवा का कल शुभारम्भ हुआ।

नमस्कार।

....